नव भारत
इंदौर, बुधवार 19 नवंबर 2014

साइबर स्पेस के सुरक्षित इस्तेमाल के टिप्स दिए

साइबर सुरक्षा ''संदेश'' अभियान की 69 वीं कार्यशाला संपन्न

इंदौर, 18 नवंबर. ब्लैक रिबन इनिशिएटिव के अंतर्गत वरूण कपूर पुलिस महानिरीक्षक के द्वारा चलायें जा रहे सायबर सुरक्षा अभियान की 69 वीं कार्यशाला का सफ्लतापूर्वक आयोजन इन्डस वर्ल्ड स्कूल के सभागृह में किया गया। इस संस्करण में 185 छात्र-छात्राओं के साथ 8 फेकल्टी मेंबर्स को भी सायबर सुरक्षा नियमों व प्रक्रियाओं के संबंध में, जागरूक किया गया.

पीआरटीएस, इंदौर के निदेशक व इस अभियान के प्रणेता वरूण कपूर ने बताया कि प्रथम सत्र में उनके द्वारा उपस्थित जन-समूह को सायबर सुरक्षा के अह्म पहलुओं की जानकारी दी गई और यह भी बताया कि इस क्षेत्र में किस प्रकार से सुरक्षित रहकर आधुनिक टेक्नॉलॉजी का इस्तेमाल अपने फायदे के लिये करें व गलती करने से कैसे बचें और शिकार बनने से भी कैसे बचे. उपस्थित जन-समूह से प्रश्न व उत्तर के माध्यम से श्री कपूर ने सीधा संवाद स्थापित किया व उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया. वास्तविक व काल्पनिक दुनिया की जानकारी देते हुए बताया कि जिस प्रकार असली दुनिया में हम सुरक्षित रहकर अपना जीवन-यापन करते हैं, उसी प्रकार इस काल्पनिक दुनिया (वर्चअल वर्ल्ड) में भी स्वयं को सुरक्षित रखने के प्रयास करना चाहिये ताकि नियमों व कानूनों का पूर्ण ज्ञान रखते हुए विधिवत् कार्रवाई की जाए. इस सत्र के उपरान्त सुदीप गोयनका, पुलिस अधीक्षक, पीआरटीएस द्वारा द्वितीय सत्र में सभी उपस्थितजनों को छोटे-छोटे टिप्स दिए जिससे कि सायबर स्पेस का सुरक्षित इस्तेमाल किया जा सकें. श्री कपूर ने इन्डस वर्ल्ड स्कूल के छात्र-छात्राओं में से अपने ज्ञान व उत्साह का अधिक प्रदर्शन करने वाले दो छात्राओं क्रमशः यशस्वी जसवानी एवं सौम्या धवाले को प्रमाण-पत्र व गोल्डन बैज प्रदान कर सम्मानित किया.